उत्तर प्रदेश पुलिस

"सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा"

प्रेस नोटः साइबर क्राइम थाना

जनपद अमेठी।

दिनांक-30.09.2024

Cyber Fraud Help Line No. 1930

माह सितम्बर 2024 में साइबर ठगी कर काटे गये रुपये में से 6,22,076/- रु0 को साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी द्वारा कराया गया वापस।

साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद अमेठी द्वारा 06 विभिन्न मामलो में आवेदकगण से साइबर ठगी किये गये 6,22,076/- रु0 को तत्काल प्रभाव से कार्यवाही कर वापस कराये गए।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

आवेदकगण (1) मो0 अलीन निवासी जायस जनपद अमेठी द्वारा शिकायत की गयी थी कि साइबर अपराधियों द्वारा सारिया खरीदने के नाम पर धोखे से कुल 14 लाख रुपये काट लिए गये थे। (2) विपिन जायसवाल थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी Hibox App में कुल 2,29,254/-रु0 लगाया गया था जिसे कम्पनी लेकर भाग गयी था। (3) दिलीप कुमार यादव (Delhi Metro Rail) अज्ञात रूप से 6000/-रुपये कट गये थे। (4) अनुभव राज ग्राम तिवारीपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी के खाते से अज्ञात रूप से दो बार में 1500/- रुपये कट गये थे। (5) म0का0 मौशमी तिवारी पुलिस कार्यालय गौरीगंज जनपद अमेठी साइबर अपराधियों द्वारा रिवार्ड प्वाइंट रिडीम करने के नाम पर गूगल पे के माध्यम से कुल 49,522/- रुपये काट लिये गये थे। (6) रामकुमार पुत्र राम लखन निवासी ग्राम गौड़ा रूकुनपुर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी का मोबाइल फोन चोरी कर खाते से कुल 36,901/- रुपये निकाल लिये गये थे। उपरोक्त आवेदकगणों से भी साइबर अपराधियों द्वारा धोखाधड़ी कर कुल 17,23,177/- रुपये काट लिये गये थे।

जिसके संबन्ध में पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था, जिसके क्रम में **साइबर थाना जनपद अमेठी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए धोखाधड़ी में संलिप्त बैंक खातों को Lien/Freeze कराते हुए पीड़ितों के बैंक खातो में कुल धनराशि 6,22,076/- रुपये को वापस कराया गया।**

विवरण पुलिस टीम-

1. **निरीक्षक कंचन सिंह प्रभारी साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।**
2. **निरीक्षक मीरा कुशवाहा साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।**
3. **हे0का0 अजय प्रकाश CCIT साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।**
4. **का0 बलवीर कश्यप CCIT साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।**
5. **का0 रवि कुमार CCIT साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।**
6. **का0 सतीश कुमार गुप्ता CCIT साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।**
7. **का0 विनोद कुमार CCIT साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।**

साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 एवं *www.cybercrime.gov.in* पर अपनी शिकायत दर्ज करें।